भारत सरकार
जल शक्ति मंत्रालय
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1066
दिनांक 08.02.2024 को उत्तर दिए जाने के लिए

झारखंड में जल जीवन मिशन

1066. डॉ. निशिकांत दुबे:
श्री विष्णु दयाल राम:

क्या **जल शक्ति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत चार वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान झारखंड में जल जीवन मिशन के अंतर्गत नल के पानी के कनेक्शन उपलब्ध कराए गए ग्रामीण परिवारों का जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) झारखंड में उन ग्रामीण घरों का ब्यौरा क्या है जहां नल के पानी के कनेक्शन नहीं है;

(ग) क्या सरकार का झारखंड के ग्रामीण घरों में नल के पानी के कनेक्शन बढ़ाने का विचार है;

(घ) यदि हां, तो लक्षित गांवों/जिलों सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसकी अनुमानित समय-सीमा क्या है; और

(ङ) झारखंड के किन-किन जिलों में जल जीवन मिशन कार्यान्वित और सम्मिलित किया गया है?

उत्तर

राज्य मंत्री, जल शक्ति
(श्री राजीव चन्द्रशेखर)

(क) से (ङ): भारत सरकार झारखंड के गांवों, जिलों सहित देश के सभी ग्रामीण परिवारों को पर्याप्त मात्रा में, निर्धारित गुणवत्ता तथा नियमित और दीर्घकालिक आधार पर सुरक्षित तथा पीने योग्य नल जल आपूर्ति के लिए प्रावधान करने हेतु प्रतिबद्ध है। इस उद्देश्य के लिए, भारत सरकार ने अगस्त 2019 में राज्यों की भागीदारी में कार्यान्वित किए जाने वाले जल जीवन मिशन (जेजेएम) की शुरूआत की थी। पेयजल राज्य का विषय है और इसलिए जल जीवन मिशन सहित पेयजल आपूर्ति स्कीमों की आयोजना, अनुमोदन, कार्यान्वयन, संचालन और रख-रखाव की जिम्मेदारी राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों की है। भारत सरकार तकनीकी और वित्तीय सहायता प्रदान करके राज्यों की सहायता करती है।

जल जीवन मिशन के शुभारंभ के बाद से ग्रामीण परिवारों के लिए नल जल की सुविधा में विस्तार करने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। अगस्त 2019 में जल जीवन मिशन की शुरूआत के

समय, केवल 3.23 करोड़ (17%) ग्रामीण परिवारों के पास नल जल कनेक्शन होने की सूचना थी। अब तक, 04.02.2024 तक, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, जेजेएम के तहत 11.01 करोड़ और ग्रामीण परिवारों को नल जल कनेक्शन प्रदान किए गए हैं। इस प्रकार, 04.02.2024 की स्थिति के अनुसार, देश के 19.27 करोड़ ग्रामीण परिवारों में से 14.24 करोड़ (73.93%) से अधिक परिवारों के पास उनके घरों में नल जल की आपूर्ति होने की सूचना है।

इसी प्रकार, जल जीवन मिशन की घोषणा के समय, झारखंड राज्य में 3.45 लाख (5.56%) ग्रामीण परिवारों के पास नल जल कनेक्शन होने की सूचना थी। अब तक, दिनांक 04.02.2024 तक, सूचित किए गए अनुसार, लगभग 27.29 लाख और ग्रामीण परिवारों को नल जल कनेक्शन प्रदान किए गए है। इस प्रकार, 04.02.2024 तक, राज्य में 62.03 लाख ग्रामीण परिवारों में से 30.74 लाख (49%) से अधिक परिवारों के घरों में नल जल आपूर्ति उपलब्ध होने की सूचना है शेष 31.29 लाख परिवारों को मिशन की अवधि के भीतर कवर किए जाने की संभावना है। जिले-वार ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है। वर्तमान में, झारखंड में नल जल आपूर्ति का कवरेज राष्ट्रीय औसत से कम है तथा इस मिशन के त्वरित कार्यान्वयन के लिए विभाग, राज्य का नियमित रूप से अनुसरण कर रहा है।

*****

अनुबंध

08.02.2024 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1066 के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

झारखंड: जेजेएम के तहत प्रदान किए गए नल जल कनेक्शनों की जिले-वार स्थिति

(संख्या लाख में)

क्र.सं.	जिला	कुल ग्रामीण परिवार	15.08.2019 तक नल जल आपूर्ति वाले ग्रामीण परिवार		जेजेएम के शुभारंभ के बाद से नल जल आपूर्ति वाले ग्रामीण परिवार		04.02.2024 तक नल जल आपूर्ति वाले ग्रामीण परिवार	
			संख्या	% में	संख्या	% में	संख्या	% में
1.	बोकारो	3.16	0.21	6.69	1.33	41.99	1.54	48.68
2.	चतरा	2.21	0.06	2.91	1.32	59.67	1.39	62.57
3.	देवघर	2.89	0.04	1.49	1.35	46.65	1.39	48.14
4.	धनबाद	2.79	0.11	4.11	1.17	42.11	1.29	46.22
5.	दुमका	2.95	0.12	4.17	1.29	43.65	1.41	47.82
6.	गढ़वा	3.09	0.04	1.32	1.77	57.29	1.81	58.62
7.	गिरिडीह	4.91	0.45	9.21	2.70	55.03	3.15	64.24
8.	गोड्डा	3.03	0.19	6.21	0.37	12.34	0.56	18.55
9.	गुमला	2.08	0.04	1.96	1.21	58.03	1.25	59.99
10.	हजारीबाग	3.40	0.08	2.33	1.73	50.85	1.81	53.18
11.	जामताड़ा	1.49	0.02	1.36	0.45	30.18	0.47	31.54
12.	खूंटी	1.20	0.06	5.40	0.52	43.59	0.59	48.98
13.	कोडरमा	1.46	0.08	5.23	0.54	37.25	0.62	42.47
14.	लातेहार	1.82	0.03	1.56	1.17	64.53	1.20	66.09
15.	लोहरदगा	0.92	0.10	11.00	0.45	48.28	0.55	59.28
16.	पाकुड़	2.27	0.01	0.45	0.26	11.54	0.27	11.98
17.	पलामू	3.65	0.10	2.77	1.52	41.61	1.62	44.39
18.	पश्चिम सिंहभूम	3.30	0.10	3.12	1.89	57.16	1.99	60.28
19.	पूर्वी सिंहभूम	3.54	0.21	6.06	1.11	31.36	1.32	37.42
20.	रामगढ़	1.43	0.10	7.31	0.87	60.84	0.98	68.15
21.	रांची	4.50	0.99	21.96	1.49	33.11	2.48	55.08
22.	साहिबगंज	2.81	0.13	4.75	1.05	37.46	1.18	42.20
23.	सरायकेला और खरसावां	1.84	0.07	3.92	0.81	43.72	0.88	47.65
24.	सिमडेगा	1.30	0.08	5.79	0.92	71.04	1.00	76.82
	कुल	**62.03**	**3.45**	**5.56**	**27.29**	**43.99**	**30.74**	**49.56**

स्रोत: जेजेएम-आईएमआईएस